चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 2-8-23 | 8 | 6-8 |

# एचएयू में तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण 8 से शुरू

हिसार, 1 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 8 से 10 अगस्त तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम उत्पादन में मशीनीकरण, मशरूम का स्पान/बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याएं और उनके निदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण निशुल्क होगा। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 8 अगस्त को ही सुबह 8 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 2-8-23 | 4 | 4 |

## पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर मिलेगा प्रशिक्षण में एडमिशन

**हिसार**| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की तरफ से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 8 से 10 अगस्त तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष हिस्सा ले सकेंगे। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम आदि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण निःशुल्क होगा। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। प्रशिक्षण में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 2-8-23 | 2 | 8 |

# एचएयू में मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण 8 अगस्त से

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 8 से 10 अगस्त तक प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। प्रशिक्षण सह-निदेशक डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि प्रशिक्षण निशुल्क होगा।

प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इच्छुक आवेदक संस्थान में 8 अगस्त को ही सुबह 8 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 2-8-23 | 2 | 2 |

## एचएयू में तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण आठ से

जासं, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 8 से 10 अगस्त तक 3 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डा. अशोक गोदारा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम उत्पादन में मशीनीकरण, मशरूम का स्पान/बीज तैयार करना, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याएं और उनके निदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 01.08.2023 | -- | -- |


# एचएयू में तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण 8 से शुरू

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 8 से 10 अगस्त तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे।सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम उत्पादन में मशीनीकरण, मशरूम का स्पान/बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याएं और उनके निदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण निशुल्क होगा। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 8 अगस्त को ही सुबह 8 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3, लुदास रोड पर स्थित है। प्रशिक्षण में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों की एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आनी होगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 01.08.2023 | -- | -- |

## एचएयू में मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण आठ अगस्त से शुरू

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 8 से 10 अगस्त तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम उत्पादन में मशीनीकरण, मशरूम का स्पान/बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक व अजैविक समस्याएं और उनके निदान पर चर्चा की जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 01.08.2023 | -- | -- |

# एचएयू में तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण 8 से शुरू

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 अगस्त :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 8 से 10 अगस्त तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम उत्पादन में मशीनीकरण, मशरूम का स्पान/बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याएं और उनके निदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण निशुल्क होगा। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 8 अगस्त को ही सुबह 8 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 01.08.2023 | -- | -- |


# हकृवि के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय ने किया पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन



पांच बजे न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा गांव नंगथला में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार रहे। यह पौधरोपण कार्यक्रम उन्नत भारत अभियान व आदर्श ग्राम योजना के तहत आयोजित किया गया था।

मुख्यातिथि डॉ. नीरज कुमार ने कहा कि पेड़ों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है क्योंकि ये कार्बनडाईक्साइड अवशोषित कर जीवनदायनी ऑक्सीजन छोड़ते हैं। साथ ही मौसम परिवर्तन जैसे आंधी, तूफान, वर्षा सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से भी बचाते हैं। पेड़ मिट्टी का कटाव रोकने और मृदा शक्ति को बढ़ाने में भी अहम भूमिका अदा करते हैं। इसलिए पेड़ प्रकृति का अनमोल उपहार है। मुख्यातिथि ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों से आह्वान किया कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमारी ने भी पेड़ों की महता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पेड़ों के बिना जीवन संभव नहीं है क्योंकि ये मानव जीवन व पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए हमें आने वाली पीढियों को स्वच्छ वातावरण देने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। कार्यक्रम के दौरान चम्पा, गुड़हल, बेलपत्र व नीम सहित अन्य पौध लगाए गए। इस अवसर पर गांव नंगथला की सरपंच मोनिका, जगदीश सहित अन्य ग्रामीणों ने भी पौधरोपण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके अलावा विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग से डॉ. जतेश काठपालिया, डॉ. रश्मि त्यागी, डॉ. बस कौर सहित अन्य शिक्षाविद् व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 01.08.2023 | -- | -- |



## उन्नत भारत अभियान व आदर्श ग्राम योजना के तहत किया गया पौधरोपण

15hr · 1 shares

हिसार, 1 अगस्त (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की ओर से मंगलवार को नंगथला गांव में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार रहे। यह पौधरोपण कार्यक्रम उन्नत भारत अभियान व आदर्श ग्राम योजना के तहत आयोजित किया गया था।

डॉ. नीरज कुमार ने कहा कि पेड़ों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। ये कार्बनडाई आक्साइड अवशोषित कर जीवनदायी ऑक्सीजन छोड़ते हैं। साथ ही मौसम परिवर्तन जैसे आंधी, तूफान, वर्षा सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से भी बचाते हैं। पेड़ मिट्टी का कटाव रोकने और मृदा शक्ति को बढ़ाने में भी अहम भूमिका अदा करते हैं, इसलिए पेड़ प्रकृति का अनमोल उपहार हैं। मुख्य अतिथि ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों से आह्वान किया कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए।

समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमारी ने कहा कि पेड़ों के बिना जीवन संभव नहीं है,इसलिए हमें आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान चंपा, गुड़हल, बेलपत्र व नीम सहित अन्य पौध लगाए गए। इस अवसर पर गांव नंगथला की सरपंच मोनिका, जगदीश सहित अन्य ग्रामीणों ने भी पौधरोपण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके अलावा विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग से डॉ. जतेश काठपालिया, डॉ. रश्मि त्यागी, डॉ. बस कौर सहित अन्य शिक्षाविद् व कर्मचारी भी मौजूद रहे।